सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 176 | इंदौर, शुक्रवार 10 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ऐसा गेहूं तो जानवर भी नहीं खाएगा

# सरकारी गोदाम में सड़ गया 9 लाख क्विंटल अनाज

## 200 करोड़ रुपये का नुकसान




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में सरकारी गोदामों में लगभग 9 लाख क्विंटल अनाज सड़ गया। यह अनाज पूरे प्रदेश को लगभग एक महीने तक खिलाने के लिए पर्याप्त था। यह अनाज अब पशुओं के चारे के लायक भी नहीं है। यह घटना ऐसे देश में हुई है, जिसकी ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 105वीं रैंक है (इथियोपिया जैसे देशों से भी नीचे)। लोकसभा में दिए गए एक जवाब के अनुसार मध्य प्रदेश में 5 साल से कम उम्र के 26% से ज्यादा बच्चे कम वजन के हैं, जो देश में सबसे ज़्यादा है।**

एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन जो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ( पीडीएस) के जरिए अनाज वितरण सुनिश्चित करता है। अब उसको इस सड़े हुए अनाज बेचने के लिए टेंडर जारी करने पड़े। ताकि इससे कम से कम कुछ लागत वसूल हो सके। इसमें 90% से ज्यादा गेहूं है। ऐसे टेंडर 2024 में कम से कम चार बार 13 मार्च से 5 नवंबर के बीच जारी किए गए। कॉर्पोरेशन ने इस तरह से लगभग 8.9 लाख क्विंटल अनाज बेचा। इसके अलावा कुछ बासी चावल भी कम मात्रा में बेचा गया।

### मामले पर नागरिक आपूर्ति मंत्री का कहना

इस बारे में पूछे जाने पर खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने हमारे सहयोगी टीओआई को बताया, 'यह एक पुराना मामला है, जो अभी मेरे ध्यान में आया है। मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। मैंने यह भी आदेश दिया है कि ऐसी चीजों को कवर करने के लिए बीमा कंपनियों को शामिल किया जाना चाहिए। हम एक नई बीमा पॉलिसी बना रहे हैं जिसमें ऐसे परिदृश्यों के लिए कवरेज शामिल है। इस बीच मैंने यह भी निर्देश दिया है कि समय-समय पर निरीक्षण किया जाना चाहिए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।'

### लगभग 200 करोड़ रुपये का नुकसान

एक सूत्र ने बताया कि इन बासी अनाजों को बेचकर सरकार को कितना नुकसान हुआ, यह कई कारकों पर निर्भर करता है। जैसे कि यह किस वर्ष खरीदा गया था, उस वर्ष खरीद की लागत, भंडारण लागत, परिवहन लागत और किस श्रेणी के तहत इसे बेचा गया था। कुल मिलाकर, मोटे अनुमान के मुताबिक इन 9 लाख क्विंटल से लगभग 200 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

### यहां से वसूल होगी राशि

इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी के लिए सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक प्रताप नारायण यादव ने कहा कि इन अनाजों की बिक्री से उत्पन्न राजस्व और खर्च की गई लागत के बीच जो भी अंतर होगा, वह राज्य वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के देय राशि से वसूल किया जाएगा।

### पांच श्रेणियों में बांटा गया सड़ा अनाज

बेचे गए सड़े हुए अनाज को पांच श्रेणियों में बांटा गया था: फीड I, फीड II (दोनों पशुओं के चारे के लिए उपयुक्त माने जाते हैं), फीड III (मुर्गी के चारे के लिए), औद्योगिक और खाद उपयोग (पशुओं या मुर्गी के लिए भी उपयुक्त नहीं) और खाद श्रेणी (किसी भी औद्योगिक उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं)।

### पिछले कई सालों का अनाज है यहां

यह अनाज न केवल हाल के वर्षों का है बल्कि 2018-19 तक का भी है। एक सूत्र ने कहा कि अनाज खराब हो रहा था और भंडारण का किराया भी बढ़ रहा था। इसलिए ऐसे स्टॉक को साफ करने और बही-खाते साफ करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। अनाज किसानों से सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदा जाता है, और फिर राज्य वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित गोदामों में पहुंचाया जाता है। परिवहन लागत, भंडारण का किराया और खरीद के लिए कमीशन का भुगतान सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है।

### निगम अधिकारी का कहना

निगम के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अगर गोदाम एक संयुक्त उद्यम में है, तो नुकसान मालिकों से वसूल किया जाता है। अगर यह सरकार के स्वामित्व वाला है, तो कर्मचारियों से वसूली की जाती है। अनाज को समय पर उठाने की जिम्मेदारी सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन की है। अगर वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो अनाज खराब हो जाता है।

## भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रदेश के सभी स्थान तीर्थ के रूप में होंगे विकसित: सीएम डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अनुष्ठान का पर्व अनवरत जारी है। मध्यप्रदेश में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्म-स्थली के परिवार सहित दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की समाज हितैषी लीलाओं के साथ उनका शिक्षा ग्रहण करना, मित्रता के उत्कृष्ट भाव का प्रकटीकरण, भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त करने जैसी कई गतिविधियां मध्यप्रदेश की भूमि पर हुई हैं। इन सभी स्थानों को राज्य सरकार तीर्थ के रूप में विकसित करने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश-दुनिया में बड़ी संख्या में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण के अनुयायियों के लिए मध्यप्रदेश में विकसित यह तीर्थ श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनेंगे। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष पूरे प्रदेश में गौवर्धन पूजा और गीता जयंती का धूमधाम से आयोजन किया गया। प्रदेश में जन्माष्टमी भी पूर्ण उल्लास और आनंद के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सामाजिक समरसता, सहिष्णुता और सत्य के मार्ग पर चलने की जो प्रेरणा प्रदान की है, हम सब उसे अपने जीवन में धारण करें यही ईश्वर से प्रार्थना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मथुरा, गोकुल, वृंदावन और भगवान कृष्ण के जन्म-स्थली पर उनका आगमन भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रदेशवासियों के मंगल और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्म-स्थली में दर्शन के बाद एक दुकान से मधुसूधन के मनमोहक बाल स्वरूप की प्रतिमा ली।

## सतना में बंदर का आतंक, छात्रा समेत चौकीदार पर किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्थित बालिका छात्रावास की छात्राएं और शिक्षक इन दिनों आतंक के साए में जीने को मजबूर हैं। यह आतंक किसी गैंग और बदमाशों नही का नहीं बल्कि एक बंदर का है। यहां पिछले दो दिनों से एक बंदर ने दहशत मचा कर रखी है। बंदर ने इस हॉस्टल की एक छात्रा और चौकीदार पर हमला किया है। इसके बाद बाकी लोगो मे डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि सूचना के बाद वन विभाग की टीम बंदर को पकड़ने पहुंची लेकिन खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।



दरअसल, मामला सतना जिले अंतर्गत सिविल लाइन स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोष बालिका छात्रावास का है। यहां उस वक्त हड़कम्प मच गया जब एक बंदर हॉस्टल की एक छात्रा पर हमला कर दिया। छात्रा की चीख सुनकर वहां के चौकीदार ने बचाने का प्रयास किया तभी बंदर ने चौकीदार पर भी हमला कर घायल कर दिया है। मौजूद शिक्षकों और छात्राओं ने लाठी डंडे लेकर बंदर को भगाया है। तब जाकर चौकीदार की जांच बच पाई। बंदर के हमले से घायलों में कक्षा 8वी की छात्रा रुचि सिंह और चौकीदार बहादुर सिंह हैं।दोनों का उपचार करवाया गया है।

# राजवाड़ा में भगवान विष्णुजी की प्रतिमा भक्तों के दर्शन के लिए रखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजवाड़ा में भगवान विष्णुजी की प्रतिमा भक्तों के दर्शन के लिए रखी गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। कई भक्त तुलसी दल लेकर भगवान को अर्पित करने के लिए पहुंचे हैं। भक्त लाइन लगाकर भगवान की प्रतिमा के दर्शन कर रहे हैं, जबकि पंडितों द्वारा मंत्रों का उच्चारण किया जा रहा है।**

करीब ढ़ाई घंटे भगवान की शेषशायी प्रतिमा राजवाड़ा पर रहेगी। प्रतिमा यहां



से महाराष्ट्र के शहादा रवाना होगी। वहां पर भगवान का मंदिर बनाया जा रहा है, जहां ये प्रतिमा विराजित होगी। पंच धातु की यह प्रतिमा 24 करोड़ की है। इसे तैयार होने में ही साढ़े चार साल का समय लगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भगवान विष्णुजी के दर्शन करने राजवाड़ा पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह इंदौर के लिए गर्व की बात है कि भगवान की प्रतिमा यहां से बनकर महाराष्ट्र के शहादा जाएगी, जहां उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। महापौर ने यह भी कहा कि यह मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा होगा और पूरा इंदौर इस यात्रा के लिए खुश है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी भगवान विष्णु के दर्शन करने राजवाड़ा पहुंचे, इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे दर्शन मैंने भी पहले बार किए हैं, हमारे शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि कलयुग के बाद कलकी भगवान का अवतार होगा और वे भगवान विष्णु के दर्शन करेंगे। भगवान विष्णु की प्रतिमा 11 फीट लंबी है। पंचधातु से इसे तैयार किया है। जिसका वजन 21 टन है। पंच धातु की यह प्रतिमा मध्यप्रदेश और राजस्थान में तैयार हुई है।

## इंदौर में भिक्षुकों की सूचना देने वालों को जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है पुरस्कृत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर। भिक्षुक मुक्त शहर बनने की ओर अग्रसर है। इंदौर जिले को भिक्षुक मुक्त बनाने की कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अभिनव पहल जारी है। इस पहल के तहत भिक्षा मांगने वालों की सूचना देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह आज ने भिक्षुकों की सूचना देने वाले 8 नागरिकों को एक-एक हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी। इसके पूर्व भी गत सोमवार को इसी तरह भिक्षावृत्ति करने वालों की सूचना देने वाले 6 नागरिकों को कलेक्टर द्वारा एक-एक हजार रूपये की राशि देकर पुरस्कृत किया गया था। भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले अब तक 14 नागरिकों को पुरस्कृत किया जा चुका है और यह क्रम लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले को शीघ्र ही भिक्षावृत्ति मुक्त जिला घोषित किया जाएगा।

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले अविनाश गोयल, नाजनीन कुरैशी, दर्शन कुमार सोनी, कपिल पंवार, दीपक लोहरवाल, आदित्य गंगराड़े, अर्जुन कौल तथा तन्मय विरखरे को एक-एक हजार रुपये की सम्मान निधि प्रदान की। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि इंदौर में भिक्षावृत्ति करने वालों की सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा के (मोबाईल नंबर- 9691494951) पर दे सकते हैं। सूचना सत्यापन के दौरान जानकारी सही पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

# पतंग बाजार में चाइना डोर पर प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मकर संक्रांति को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। पतंग बजार मेवाती मोहल्ला पूरी तरह सजाधजा नजर आया। पुलिस- प्रशासन की चाइना डोर पर प्रतिबंध होने से इस साल युवाओं की रौनक कम नजर आ रही हैं। व्यापारियों को 11-12 जनवरी से बाजार में रौनक लौटने की उम्मीद हैं।

मकर संक्रांति पर घरों की छतों से लेकर मैदानों तक पतंग उड़ाने वाले बच्चे, युवा, नौजवान, बुजुर्ग तक नजर आते हैं। व्यापारी आरिफ हुसैन और सलमा बी के अनुसार पतंग बनाने का त्रिवेणी कागज, कलकत्ता, हैदराबाद, अहमदाबाद, आगरा से इंदौर बुलाया जाता हैं। ये कागज (ताव) आम कागज से मजबूत होता है। पतंग की कमान और कागज उत्तर प्रदेश के तुलसीपुर और कलकत्ता से आते हैं। फिर घर-घर में पतंग का बनाई जाती हैं। एक पतंग को बनाने में देश के बहुत सारे हिस्सों का और बहुत सारे लोगों का योगदान होता हैं। पतंग 5 से 50 रुपए प्रति नग तक बिक रही हैं। मांजा दिल्ली, पंजाब और गिट्टे जयपुर, बरेली से बनकर आते हैं। फेमस कागज की रामपुरी पतंग उत्तर प्रदेश के रामपुर से बनकर आती है। हर




बार की तरह इस बार भी मार्केट में चाइना डोर पर सख्ती नजर आई। बाजार में 30 से ज्यादा दुकानों पर जगह-जगह पुलिस ने चाइना डोर प्रतिबंधित है...बेचने-खरीदने की सूचना दे... लिखे बोर्ड टांग रखें। ये दिल्ली से बनकर आती है। ये डोर न बिके इसको लेकर लगातार पुलिस की गश्त होती है। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं, जो समय-समय पर बदलती रहती हैं। व्यापारी सलमा बी ने बताया 16 जनवरी के बाद पतंग व्यापारी और कारीगर फरवरी, मार्च, अप्रैल तक तीन महीने छुट्टी पर चले जाते हैं। फिर वापस से काम शुरू होता है। 9 महीने तक लगातार काम चलता रहता है और पतंगों का स्टॉक किया जाता हैं। व्यापारी खुद चाहते हैं कि चाइना डोर पूरी तरह बंद हो जाए, क्योंकि इसके कारण धाग कोई नहीं खरीदना चाहता है।

# जिसने भी कांग्रेस का साथ लिया कांग्रेस ने उसे डूबा कर ही छोड़ा

## इंदौर में सीएम बोले-नेहरुजी ने बाबा साहब को चुनाव हराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली चुनाव पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के खींचतान पर बड़ा बयान दिया है। कहा कि- कांग्रेस का अतीत है। जिसने भी कांग्रेस का साथ लिया कांग्रेस ने उसे डूबा कर ही छोड़ा है। आम आदमी पार्टी की स्थिति और बुरी होने वाली है, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस का साथ लिया है।**

उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के समय से हम बोल रहे थे। आप पार्टी और कांग्रेस जनता को मूर्ख बना रही हैं। कांग्रेस आप को छोड़कर भाग रही है और आप पार्टी कांग्रेस पर आरोप लगा रही है। भाजपा गठबंधन के चक्कर पर न उस वक्त पड़ी न अब। 26 जनवरी को एमपी के महू से शुरू होने वाली राहुल गांधी की संविधान यात्रा पर बोले- बाबा साहब के अपमान के राहुल गांधी अपने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से



कहे वो माफी मांगे, प्रदेश अध्यक्ष पर कार्रवाई करें। जीतू पटवारी को बोलना चाहिए राहुल जी माफ कर दो। बाबा साहब का सम्मान भाजपा ने किया, कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया है। नेहरु जी ने बाबा साहब को चुनाव हराने का काम किया। बाबा साहब को कदम-कदम पर लज्जित करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस पहले अपने पुराने पाप धोए, उसके बाद संविधान यात्रा निकाले। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के नाराजगी पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। कांग्रेस का काम है अपने बुजुर्गों का अपमान करना। दोनों वरिष्ठ नेता सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं तो कांग्रेस को विचार करना चाहिए। कांग्रेस का चरित्र हैं, अपने बुजुर्गों की इज्जत नहीं करना। सीताराम केसरी का राष्ट्रीय अध्यक्ष के वक्त धोती खोलने का काम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया हैं। मनमोहन सिंह के कैबिनेट के कागज छीनकर फाड़ने का काम राहुल गांधी ने किया है। राहुल अपने पार्टी के किए गलतियों के लिए पहले माफी मांगे फिर यात्रा निकाले। सीएम मोहन ने कहा कि- प्रदेश में जहां-जहां कृष्ण के कदम पड़े, उसे तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे। महाकाल लोक की तरह उज्जैन, अमझेरा और जानपांव में कृष्णलोक बनेगा। मथुरा की तरह मध्यप्रदेश में कृष्ण तीर्थ स्थल बनाएंगे।

## दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर निवासी श्री कालरा जी के निवास में कुछ बदमाशों द्वारा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने एवं नाबालिग बच्चे से दुर्व्यवहार करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस को गंभीरतापूर्वक दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि घटना के संबंध में इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य लोगों से पूछताछ करके कुल 9 आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। इनमें से 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। चूंकि घटना में नाबालिग से दुर्व्यवहार करना भी शामिल था, इसलिए आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्यवाही की गई है।

## 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इंदौर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के 2625 मतदान केन्द्रों पर 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समारोहपूर्वक का आयोजन सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी ने दी है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया इंदौर-खंडवा रोड का हवाई दौरा, बोले- सिंहस्थ से पहले हो निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-खंडवा रोड निर्माण की देरी को लेकर केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई है और उन्होंने अफसरों से कहा कि सिंहस्थ से पहले सड़क और नर्मदा नदी पर मोरटक्का ब्रिज का निर्माण सिंहस्थ से पहले हर हाल में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ठेकदार की तरफ से देरी होती है तो फिर एक्शन ले, लेकिन प्रोजेक्ट में देरी न हो। विमानतल पर आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए।**



बैठक में यह भी तय हुआ कि डकाच्या से पीथमपुर तक बनने वाले पूर्वी बायपास का निर्माण भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करेगा। सड़क निर्माण के अलावा मार्ग के लिए अन्य सुविधाएं प्रदेश सरकार जुटाएगी। यह सड़क 38 गांवों से होकर गुजरेगी। इसकी लंबाई 70 किलोमीटर से ज्यादा की होगी। इस रिंग रोड में कंपेल, तिल्लौर, बड़गोंदा सहित अन्य गांव जुड़ेंगे। बैठक में मंत्री गडकरी ने अफसरों से कहा कि सिंहस्थ से पहले मोरटक्का ब्रिज का निर्माण पूरा होना चाहिए। ब्रिज के आसपास ज्योर्तिलिंग की थीम पर सौंदर्यीकरण हो। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के समय उज्जैन आने वाले श्रद्धालु ओंकारेश्वर भी जाएंगे, इसलिए तय समय में घाटों पर सुरंग, ब्रिजों का निर्माण होना चाहिए। बैठक में इंदौर के आसपास के अन्य प्रोजेक्टों पर भी चर्चा हुई। इंदौर -खंडवा रोड के निर्माण की देरी का मुद्दा पूर्व मेयर कृष्णमुरारी मोघे ने भी मंत्री गडकरी के सामने उठाया था। इसके बाद मंत्री ने अफसरों से कहा कि यदि काम ठीक से नहीं हो रहा है तो ठेकेदार को टर्मिनेट कर दो।

### इंदौर का नमकीन अपने साथ ले गए गडकरी

मंत्री गडकरी इंदौर में नाथ मंदिर में भी दर्शन के लिए गए। वहां वे करीब आधे घंटे रुके। यहां उन्होंने पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन से भी मुलाकात की। कुछ परिचित गडकरी के लिए इंदौर के नमकीन भेंट स्वरुप लाए। जिन्हें पाकर वे खुश हो गए और कहा कि इंदौर के नमकीन तो उन्हें काफी पसंद है। वे नमकीन को अपने साथ लेकर गए।

## अहिल्या ओजस्वी दिव्य शक्ति गौसेवा संगठन द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव, सम्मान समारोह व भजन संध्या सम्पन्न हुई

### समाजसेवी व पत्रकारों का किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। अहिल्या ओजस्वी दिव्य शक्ति गौसेवा संगठन द्वारा हंसदास मठ पर स्थित गौशाला में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। यहां गौमाता को प्रसादी खिलाई गई। संस्था प्रमुख मोनिका राहुल शर्मा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के साथ साथ सम्मान समारोह व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।



इस दौरान विभिन्न प्रकार के फल, सब्जी, मिष्ठान, गुड़, गोग्रास बनाकर गौमाता को खिलाई गई। इस मौके पर 1500 से अधिक मातृशक्तियों ने गौसेवा कर एक रिकॉर्ड बनाया। इस मौके पर हंसदास मठ के अधिष्ठाता रामचरण दास महाराज के सानिध्य में बाह्मण समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित योगेंद्र महंत, राधे-राधे बाबा, अच्युतानंद महाराज, अर्जुनदास महाराज, दादू महाराज, दिनेश गुरुजी, रुक्मिणी देवी, योगेश्वरानंद महाराज, पंडित कल्याण दत्त शास्त्री, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, अतुल शुक्ला, पत्रकार सचिन नीमा, आदित्य उपाध्याय, सिने तारिका सारिका दीक्षित, घनश्याम वैष्णव समेत अन्य लोग उपस्थित थे। गौरक्षा प्रमुख सोहन विश्वकर्मा ने 15 बिंदुओं के माध्यम से सभी को गौरक्षा का संकल्प दिलवाया। स्वागत पंडित गोविंद शर्मा ने किया। संचालन परशुराम महासभा के प्रदेश प्रभारी संजय मिश्रा ने किया। आभार मोनिका शर्मा ने माना।



**इस अवसर पर पत्रकार सचिन नीमा व आदित्य उपाध्याय का उपरना व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान कार्यक्रम संयोजिका मोनिका राहुल शर्मा ने किया।**

## झोन क्रमांक 7 में यातायात सुधार हेतु की गई रिमूवल की कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। इंदौर में यातायात सुधार हेतु चल रही मुहिम के तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रिमूवल की कार्रवाई की गई। इस दौरान झोन क्रमांक 7 के अंतर्गत महिंद्रा शोरूम से राजीव आवास चौराहे तक की बीट में जोनल अधिकारी श्री अभिषेक सिंह, श्री राम मनोहर गोसर एवं रिमूवल की टीम द्वारा रिमूवल की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के 18 हजार रूपये के चालान भी बनाये गये।

## 26 जनवरी को आएंगे राहुल और प्रियंका

### कांग्रेसी बोले छुट्टी पर रहेंगे लोग, नेता भी व्यस्त रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के जन्मस्थल महू में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम तय किए जाने को लेकर प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता सहमत नहीं हैं।**

इन नेताओं का कहना है कि इस कार्यक्रम को किसी अन्य दिन के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए। कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए 'जय बापू, जय भीम, जय आंबेडकर' अभियान का समापन 26 जनवरी को बाबा साहब के जन्मस्थल पर होना तय किया गया है। वहीं इस दिन से कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा शुरू की जाएगी। इस आयोजन में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित देशभर के कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को आमंत्रित किया गया है। दिल्ली से यह निर्णय लिया गया है कि यह कार्यक्रम 26 जनवरी को महू में आयोजित होगा और इसके साथ ही इस दिन कांग्रेस की ओर से महू में एक बड़ी रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के मुद्दे पर चर्चा हुई।

सूत्रों के अनुसार, इस वर्चुअल मीटिंग में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सबसे पहले इस आयोजन की तिथि पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक ऐसा दिन है जब सभी नेता अपने-अपने क्षेत्रों में व्यस्त रहते हैं। जिन राज्यों में पार्टी की सरकार है, वहां के मुख्यमंत्री भी राज्य के कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में 26 जनवरी को महू में आयोजित कार्यक्रम में उनकी भागीदारी मुश्किल हो जाएगी। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस दिन आम लोगों के भी अपने कार्यक्रम निर्धारित रहते हैं, जिससे इस दिन महू में अधिक लोगों को एकत्रित करना कठिन हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह कार्यक्रम किसी अन्य दिन आयोजित किया जाना चाहिए।

जब प्रदेश के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने 26 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर सवाल उठाए, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्पष्ट किया कि यह फैसला दिल्ली से लिया गया है और प्रदेश नेतृत्व को केवल इसकी सूचना दी गई है। इस बयान के बाद, वर्चुअल मीटिंग में पहले कमलनाथ, फिर दिग्विजय सिंह और बाद में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मीटिंग से बाहर चले गए। हालांकि, इन नेताओं ने मीटिंग छोड़ दी, लेकिन इस मुद्दे को लेकर जो सवाल उठाए गए, उनसे 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर संशय की स्थिति बन गई है।

## आर्मी की तैयारी करने वाला स्टूडेंट चुरा रहा था बुलेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लगातार हो रही बुलेट चोरी की घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों को फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान एमआर 10 और बाणगंगा इलाके से हुई थी, और वे सुपर कॉरीडोर के रास्ते इंदौर में घुस रहे थे। पुलिस ने 100 से ज्यादा फुटेज के बाद आरोपियों की पहचान की और उन्हें पकड़ लिया। टीआई पीएल शर्मा की टीम ने धार जिले के अनुराग पुत्र शंकर बरखा और विशाल पुत्र दिनेश कौशल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि अनुराग आर्मी की तैयारी कर रहा था और अपनी शौक के लिए बुलेट चोरी करता था। उसने पहले बुलेट चुराई और कुछ गाड़ियों को बेच दिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 5 बुलेट और दो महंगी बाइक बरामद की हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया चार दिवसीय प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन "प्लास्टपैक 2025" का शुभारंभ

# मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक ले रहे है हिस्सा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर करते हुए तथा सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज से इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को





संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई किट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों को दूर करने के प्रयास होंगे। पर्यावरण की चिंता भी रखी जायेगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति और नइ दिशा दी जा रही है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रिजनल स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहें हैं। प्रदेश में अब तक 6 रिजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित हो चुकी है। इनके माध्यम से चार लाख करोड़ रूपये का निवेश प्रदेश में आया है। इससे लगभग तीन लाख लोगों को रोजगा मिलेगा। उक्त निवेश से प्रदेश में 200 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गुजरात मॉडल पर तेजी से विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने सम्मेलन में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित इस विशाल सम्मेलन में 400 से अधिक कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक, उत्पाद और नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस आयोजन में 2 हजार से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे है। एक्जीबिशन सेंटर को छह अलग अलग डोम में विभाजित किया गया है, जहां लाइव मशीनों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह सम्मेलन व्यापारियों और उद्यमियों के लिए तो एक मंच है ही, साथ ही छात्रों, शोधकर्ताओं और पर्यावरणविदों के लिए भी एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करेगा।

# 1.63 लाख लाड़ली बहनों को इस बार नहीं मिलेगा पैसा

## अपात्र होने पर सरकार ने काटे नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 1 लाख 63 हजार महिलाओं को इस बार 1250 रुपए की किस्त नहीं मिलेगी। इन महिलाओं की उम्र 60 साल से अधिक हो चुकी है। ऐसे में महिला और बाल विकास विभाग ने इन्हें अपात्र घोषित कर दिया है।**

अब जनवरी 2025 में 1.26 करोड़ महिलाओं को ही 1250 रुपए की किस्त मिल सकेगी। इससे पहले 11 दिसंबर 2024 को 1.28 करोड़ महिलाओं के खाते में 1572 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। जनवरी 2025 में 20वीं किस्त मिलने वाली है। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अनुमान है कि सरकार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के दिन आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों के दौरान राशि ट्रांसफर कर सकती है। सरकार ने किस्त देने के लिए 31 दिसंबर 2024 को 5 हजार करोड़ का कर्ज भी ले लिया है, जिसका भुगतान सरकार को एक जनवरी 2025 को हो गया है। इस योजना में नए नाम नहीं जोड़े जा रहे हैं, इसके उलट 20 माह से लागू इस योजना में पात्र महिलाओं के नाम उम्र और अन्य शर्तों के आधार पर कटते जा रहे हैं। इसी कारण इनकी संख्या 2023 और 2024 में बढ़ने की बजाय घटी है। जब योजना शुरू हुई थी तो कुल 1 करोड़ 31 लाख 35 हजार 985 आवेदन आए थे। इसके बाद 2 लाख 18 हजार 858 नाम आपत्तियों को आधार बनाकर काटे गए थे। जिसके बाद यह संख्या 1 करोड़ 29 लाख 5 हजार 457 रह गई थी। अब यह संख्या एक करोड़ 26 लाख से अधिक तक पहुंचने वाली है।

# मंदिर जा रही भाजपा नेता को गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया में रतनगढ़ माता के दर्शन के लिए जा रही भाजपा नेता को बदमाशों ने गोली मारी दी। दो बाइकसवारों ने पहले पीछा किया, फिर बाइक रोककर फायर कर दिया। गोली महिला के पैर में लगी। उसका आरोप है कि भाई के ससुर ने हमला किया। घटना सेवड़ा रोड स्थित अनू पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह 11 बजे की है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नीतू विश्वकर्मा को उसके परिजन ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इंदरगढ़ थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है। नीतू दहेज हत्या के केस में एक महीने पहले जमानत पर जेल से बाहर आई है। पुलिस ने बताया कि नीतू पति अजय विश्वकर्मा (30) अपने परिजन और रिश्तेदार के साथ बाइक से मंदिर जा रही थी। दो बाइक सवार बदमाशों ने उसका पीछा किया। फिर बाइक रोकर फायर कर दिया। गोली नीतू के पैर में लगी।



## मप्र के 8 शहरों में चली शीतलहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** लगातार सर्द हवाएं चलने से प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम तीन डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस पर रहा। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को भोपाल, शाजापुर, शहडोल, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीहोर एवं नीमच में शीतलहर का प्रभाव रहा। भिंड, ग्वालियर, छतरपुर, पन्ना, सतना, मऊगंज में हल्का कोहरा रहा। गुरवार को सभी शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान और उससे लगे हुए अफगानिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है।

# कांग्रेस से आए नेताओं ने भी बिगाड़ा भाजपा जिलाध्यक्षों के चयन का समीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जिलाध्यक्षों के चयन का राजनीतिक समीकरण बिगाड़ने के पीछे भाजपा के दिग्गज नेता तो हैं ही, कांग्रेस से आए नेताओं के कारण भी यह चुनाव प्रभावित हुआ है। ग्वालियर-चंबल में जिलाध्यक्ष के चयन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का हस्तक्षेप रहा है, तो सागर में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पारुल साहू की वजह से राजनीतिक समीकरण बिगड़े हैं।

इंदौर में मंत्री तुलसी सिलावट और संजय शुक्ला का दबाव रहा, तो गुना, नीमच, मंदसौर भी यही हाल है। यहां यह सभी नेता कांग्रेस से भाजपा में आए हैं, जिन्हें मूल भाजपाई आज भी स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में मूल भाजपाई और आयातित नेताओं के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

संघ ने जो नाम प्रस्तावित किए थे, उनको भी दरकिनार किया गया और दिग्गज नेताओं के दबाव में सूची तैयार कर ली गई। इन सब के बीच अब केंद्रीय नेतृत्व ने कमान अपने हाथ में ले ली है। दिल्ली में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन पर्व की केंद्रीय पर्यवेक्षक सरोज पांडेय के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दिल्ली में जिलाध्यक्षों के नामों पर विचार विमर्श किया। बताया जा रहा है कि नामों पर सहमति बन गई है। जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जा सकती है। हालांकि नामों सूची में बड़े शहरी जिले अभी रोके जाएंगे। जहां विवाद स्थिति नहीं है, उन जिलों के अध्यक्षों की ही घोषणा की जाएगी।

इधर, यह भी बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश का नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया आगे न बढ़े, इस हिसाब से जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। पहली सूची 35 से 40 नामों की आ सकती है।

# संपादकीय

## शर्मनाक बयान

हाल ही में इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। नारायण मूर्ति की इस बात पर खूब बहस हुई। अब लार्सन एंड टुब्रो (Larsen & Toubro) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने भी 90 घंटे काम करने का बयान दिया है। कर्मचारियों के नाम पर एक वीडियो संदेश में सुब्रमण्यन ने अजब सलाह दे डाली कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। वीडियो में जब उनसे पूछा गया कि एलएंडटी अपने कर्मचारियों से शनिवार को काम क्यों करवाता है। सुब्रमण्यन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खेद है कि मैं आपसे रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं। अगर मैं आपको रविवार को काम करवा पाऊं तो मुझे ज्यादा खुशी होगी, क्योंकि मैं रविवार को भी काम करता हूं। उन्होंने लिखा, घर पर छुट्टी लेने से कर्मचारियों को क्या फायदा होता है। आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं? पत्नियां अपने पतियों को कितनी देर तक निहार सकती हैं? ऑफिस जाओ और काम करना शुरू करो। दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पत्रकार फेय डिसूजा का एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, एक ऐसा आदमी, जो इतने बड़े पद पर बैठा है, उसका इस तरह का बयान देने काफी हैरान करने वाला है। इस पोस्ट में उन्होंने #mentalhealthmatters के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया है। ये साफ है कि दीपिका इस हैशटैग के जरिए ये कहना चाहती है कि मेंटल हेल्थ बेहद जरूरी है। BetterUp पर छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के केवल 21% कर्मचारी ही यह रिपोर्ट करते हैं कि वे पूरे दिन प्रोडक्टिव बने रहते हैं। 8 घंटे के कार्यदिवस में औसत वास्तविक उत्पादक समय 2 घंटे और 53 मिनट है। यही स्थिति दुनिया के बाकी देशों में कर्मचारियों की भी रही है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि हमारी नॉन-स्टॉप जीवनशैली के कारण काम से संबंधित अतिरिक्त तनाव भी हुआ है। 48 प्रतिशत कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें समय की कमी महसूस होती रहती है। वहीं, 52 प्रतिशत ने कहा कि वे इस वजह से काफी तनाव महसूस करते हैं। शायद यही कारण है कि चार घंटे का कार्य सप्ताह इतना आकर्षक सपना है, भले ही यह औसत कर्मचारी के लिए पूरी तरह से संभव न हो।

### अर्ज़ किया है..!

*मिलने की तरह मुझ से*
*वो पल भर नहीं मिलता*
*दिल उस से मिला जिस*
*से मुक़द्दर नहीं मिलता*

-नसीर तुराबी

## OSHO कहिन

**"सत्य कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे खोजा जा सके, यह आपके भीतर है।"**




### महिला जगत

# इन महिलाओं का है हिंदी साहित्य में विशेष योगदान

## जानें भारतीय लेखिकाओं के बारे में

दुनियाभर में फैले हिंदी भाषी लोग 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। ये दिन हिंदी भाषी लोगों को एकजुट करने का एक माध्यम है। भारत ही नहीं विदेशों में भी हिंदी भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं, जिन्हें भारत से जोड़ने के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा अंग्रेजी के दबाव में हिंदी को भूल रही आने वाली पीढ़ियों को हिंदी के महत्व के बारे में बताने और निज भाषा पर गर्व महसूस करना सिखाने के लिए भी हिंदी दिवस मनाया जाता है।



### हिंदी की प्रसिद्ध भारतीय लेखिकाएं

हिंदी साहित्य में बेहद सुंदर और प्रचलित रचनाएं हैं, जिसे पढ़कर हिंदी की गंभीरता और उनकी उच्चता का पता चलता है। हिंदी साहित्य को उसके आयाम तक पहुंचाने में कई प्रसिद्ध लेखकों का योगदान रहा, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। हिंदी साहित्य में सराहनीय योगदान देने वाली लेखिकाओं की रचनाओं को बेहद रुचि के साथ लोग पढ़ना पसंद करते हैं। विश्व हिंदी दिवस के मौके पर ऐसी लेखिकाओं और उनकी रचनाओं के बारे में जानते हैं, जिन्होंने अपनी लेखन शैली से हिंदी साहित्य को और अधिक समृद्ध बनाने में अपना योगदान दिया है।

#### अमृता प्रीतम

प्रेम के विषय पर रचनाएं पढ़ने वाला हर साहित्य प्रेमी अमृता प्रीतम को जरूर जानता होगा। अमृता प्रीतम का नाम दिल छू लेने वाले साहित्य की रचना करने वाली लेखिकाओं में शामिल है। अमृता प्रीतम एक उपन्यासकार और कवियित्री हैं, जिन्होंने हिंदी और पंजाबी दोनों भाषाओं में लेखन कार्य किया। अमृता प्रीतम को पहली पंजाबी महिला कवि भी कहा जा सकता है। विभाजन के दौर की उनकी कहानी पिंजर महिलाओं की स्थिति को दर्शाती है।

#### शिवानी

हिंदी साहित्य को उच्च कोटि का साहित्य देने वाली प्रसिद्ध उपन्यासकार शिवानी की रचनाएं उन्नत कोटि की मानी जाती हैं। उनकी शानदार कृतियां हिंदी साहित्य का हिस्सा हैं। शिवानी की हिंदी भाषा के साथ ही संस्कृत, गुजराती, बंगाली, उर्दू और अंग्रेजी भाषा पर भी अच्छी पकड़ रही है। उनकी अधिकतर किताबों में भारत के कुमाऊं की संस्कृति पढ़ने को मिलती है। अधिकतर उपन्यास और कहानियां नारी प्रधान रही हैं।

#### महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा का नाम हिंदी साहित्य के छायावादी युग की सबसे प्रमुख साहित्यकारों की सूची में शामिल हैं। हिंदी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्रियों में से एक महादेवी वर्मा खड़ी बोली हिंदी में कोमल शब्दावली का उपयोग करती थीं। महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाएं आत्मिका, परिक्रमा, संधिनी, यामा, गीतपर्व, दीपगीत, स्मारिका, नीलांबरा आदि हैं।

Bihar

# राजद नेता आलोक मेहता के घर ED की रेड, बैंक घोटाला केस में 4 राज्यों के 19 ठिकानों पर तलाशी

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। लालू यादव की पार्टी आरजेडी के पूर्व मंत्री रहे आलोक कुमार मेहता के 19 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हुई है। पटना और हाजीपुर में 9, कोलकाता में 5, वाराणसी 4 और दिल्ली में 1 ठिकाना पर रेड चल रही है। पटना में उनके सरकारी और निजी आवास पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

वैशाली शहरी विकास सहकारिता बैंक में 85 करोड़ रुपए की घपलेबाजी में यह कार्रवाई हो रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के बाद हाजीपुर में 3 एफआईआर हुई थी दर्ज। पटना के अलावा वैशाली जिले के महुआ के पास



कोल्डस्टोरेज और महुआ के मिर्जानगर गांव में भी ईडी की टीम पहुंची है। जहां छापेमारी चल रही है।

शुक्रवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम राजद विधायक के पटना स्थित आवास पहुंच गई। बीते 4 घंटों से तलाशी की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात है। लालू यादव के करीबियों में आलोक मेहता की गिनती होती है। राज्य में महागठबंधन की सरकार के दौरान आलोक मेहता राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री थे। समस्तीपुर के उजियारपुर सीट से वो विधायक हैं। आलोक मेहता पर ईडी की कार्रवाई को लेकर जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि ये लालू और तेजस्वी की संगत का असर है कि राजद के पूर्व मंत्री पर ईडी का शिकंजा कसा है, और 19 ठिकानों पर रेड चल रही है।

New Delhi

## कोहरे की मार, दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ानों में देरी, ये ट्रेनें भी हुईं लेट



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इन दिनों देश के अधिकांश इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को ठंड के साथ लोगों को कोहरे की भी मार झेलनी पड़ी। हालात ये रहे कि दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह 100 से भी ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की स्थिति रही, जिससे हवाई सेवाओं का परिचालन प्रभावित हुआ। इंडिगो एयरलाइंस ने सुबह 5.04 बजे सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहने की अपील की। एयरपोर्ट ऑपरेटर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सुबह 5.52 बजे एक्स पर एक पोस्ट में बताया, 'घने कोहरे के कारण उड़ानों के प्रस्थान पर असर पड़ा है, हालांकि, कैट III नियम अनुपालन वाली उड़ानें दिल्ली एयरपोर्ट से संचालित हो रही हैं।' गौरतलब है कि कैट III अनुपालन कम दृश्यता की स्थिति में भी उड़ान संचालन की अनुमति देता है। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है। डायल ने यात्रियों से उड़ान की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने को कहा और यात्रियों को हुई किसी भी असुविधा के लिए खेद भी जताया। इंडिगो ने कहा, 'हमारी सलाह है कि आप हवाई अड्डे तक की अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें क्योंकि दिल्ली में कोहरे की स्थिति के कारण दृश्यता कम है और यातायात धीमा हो गया है।'

New Delhi

## 12वीं का छात्र दे रहा था दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, गिरफ्तारी के बाद बताई वजह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के तमाम स्कूलों में बम की धमकी भरे ईमेल भेजने का मामला आखिरकार सुलझ गया है. दिल्ली पुलिस ने एक 12वीं के छात्र को गिरफ्तार किया है, जो पिछले कुछ समय से दिल्ली के विभिन्न स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल भेज रहा था. पुलिस के मुताबिक, यह नाबालिग छात्र दिल्ली के एक नहीं बल्कि कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भेज चुका है. जांच के दौरान यह सामने आया कि छात्र ने ये मेल सिर्फ इसलिए भेजे थे क्योंकि वह स्कूल में एग्जाम नहीं देना चाहता था. साउथ दिल्ली पुलिस मामले की गहराई से पूछताछ कर रही है और इस छात्र से यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या उसने यह काम अपनी मर्जी से किया है या किसी के कहने पर. पुलिस का कहना है कि छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है. बता दें कि 8 दिसंबर 2024 को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को रात करीब 11:38 बजे धमकी भरा ईमेल मिला था जिनमें डीपीएस आरके पुरम और पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल भी शामिल थे.

Maharashtra

## महाराष्ट्र में एक मामूली आदमी ने किया 10 हजार करोड़ का खेल, 269 बैंकों से रकम ट्रांसफर

**मुंबई, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसके तहत एक ही आदमी ने 10 हजार करोड़ रुपये की रकम विदेश भेज दी। ठाणे के रहने वाले जितेंद्र पांडेय पर आरोप है कि उसने 269 बैंक खातों के जरिए इस पूंजी को ट्रांसफर किया। यही नहीं इस रकम के लिए उसने 98 डमी कंपनियां बनाई, 12 प्राइवेट कंपनियां भी बनाईं। इन्हीं कंपनियों के नाम पर रकम जुटाई गई और फिर उसे विदेशों में ट्रांसफर कर दिया गया। आरोपी ने हॉन्गकॉन्ग, सिंगापुर और थाइलैंड में स्थित कंपनियों के खातों में यह मोटी रकम भेजी। माल भाड़े के नाम पर यह रकम ट्रांसफर कर दी गई। इन्हीं फर्जी कंपनियों के नाम पर 269 बैंक खाते भी खुलवाए गए और फिर फ्रॉड हुआ।

दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने 2 जनवरी को ही मुंबई, ठाणे और वाराणसी की 11 लोकेशंस पर



रेड मारी थी। यह मामला विदेशों में अवैध तरीके से रकम ट्रांसफर का था। इसी की जांच के दौरान सामने आया कि कैसे जितेंद्र पांडेय नाम के शख्स ने 10 हजार करोड़ का बड़ा खेल कर दिया। रेड के दौरान एजेंसी ने एक करोड़ रुपये कैश और ज्वैलरी बरामद किए। इसके अलावा कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर अचल संपत्ति की जानकारी मिली है। दरअसल ठाणे पुलिस ने जितेंद्र पांडेय एवं अन्य कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर की थी।

खेल

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित होने से पहले शमी ने दिखाया दम, फिर भी हारा बंगाल

**वडोदरा।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित होने से पहले विजय हजारे ट्रॉफी के प्रीलिमिनेरी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपना दम दिखाया। शमी ने हरियाणा के खिलाफ तीन विकेट झटके और एक बार फिर अपनी फॉर्म साबित की। हालांकि, उनका यह स्पैल भी बंगाल को जीत नहीं दिला सका और हरियाणा ने यह मुकाबला 72 रनों से अपने नाम किया।

बंगाल ने टॉस जीतकर हरियाणा को पहले बल्लेबाज का न्योता दिया और शमी की अगुआई में बंगाल के गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन किया। इसके बावजूद हरियाणा निशांत सिंधू के 64 रन और पार्थ वत्स के 62 रनों के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 298 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में बंगाल के लिए सलामी बल्लेबाज ने अभिषेक पोरेल ने 57 रनों की पारी खेली, लेकिन पूरी टीम 43.1 ओवर में 226 रन पर ऑलआउट हो गई।

### शमी की होगी वापसी?

भारत में 2023 में खेले गए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शमी की





नजरें अगले महीने होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर हैं। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज भी होनी है, ऐसे में चयनकर्ता मैच फिटनेस को देखते हुए इस सीरीज के लिए शमी का चयन कर सकते हैं। शमी ने हरियाणा के खिलाफ अपने कोटे के पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की और 61 रन देकर तीन विकेट लिए। शमी इससे पहले रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी प्रभावित कर चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं मिली थी जगह

घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद माना जा रहा था कि शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शमी वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और पिछले साल उनके टखने की सर्जरी हुई थी।

सिनेमा

## 'अनुपमा' में 'राधाकृष्ण' की रुक्मिणी की एंट्री, करेंगी समधन का रोल, नए ट्विस्ट से मिलेगी TRP?



टीवी का पॉपुलर शो अनुपमा काफी समय से विवादों में घिरा हुआ है. बार-बार एक्टर्स के निकाले जाने की वजह से शो चर्चा में है. जल्द इसमें नए कलाकार की एंट्री होने वाली है. टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस झलक देसाई शो में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी. एक्ट्रेस सीरियल में प्रेम की सौतेली मां का रोल अदा करेंगी. मिसेज कोठारी के रोल में झलक को देखना फैंस के लिए ट्रीट होने वाला है. अटकलें हैं एक्टर राहील आजम की भी शो में एंट्री हो सकती है. वो सीरियल में प्रेम के पिता का रोल निभा सकते हैं. राहिल ने हातिम, मैडम सर, तू आशिकी, सीआईडी जैसे टीवी शोज में काम कर अपनी पहचान बनाई है. मतलब टीवी के पॉपुलर शो में दो नए किरदार दिखाई देने वाले हैं. सीरियल में अनुपमा के समधी और समधन का एंगल दिखाया जाने वाला है. प्रेम के खानदान की एंट्री से शो की ऑडियंस को नया ड्रामा देखने को मिलेगा. क्या पता शो की टीआरपी के लिए मेकर्स का ये मूव शानदार काम करे. वैसे भी शो में इन दिनों राही, प्रेम और माही के लव ट्राएंगल ने लोगों को बोर कर दिया है. इसका सबूत शो की गिरती टीआरपी है. जो कि मेकर्स के लिए बड़ा चैलेंज है. क्योंकि अनुपमा वो शो है जो सालों तक नंबर 1 रहा. लेकिन अब वो अपनी पोजिशन से हर वीक डगमगा रहा है.

## Highlights

1. 'Have the daughters eaten?,' asked Tirupati stampede victim in last call to husband
2. Why doesn't Bidhuri talk about his cheeks?: Priyanka on his remark
3. Have infant, 2-hr flight became 6-hr ordeal: SpiceJet passenger on delay amid Delhi fog

# Not just L&T chairman, bosses of these firms also seem to like long working hours

**NEW DElHI, (Agency).** The topic of work-life balance has come under the spotlight again after comments made by SN Subrahmanyan, the chairperson of India's most prominent infrastructure firm Larsen & Toubro resurfaced on the internet. Subrahmanyan said he would be more happy if he could make his employees work on Sundays.

"I regret I am not able to make you work on Sundays. If I can make you work on Sundays, I will be more happy... What do you do sitting at home? How long can you stare at your wife?" he had said in an interaction with employees.

This comes after the tragic death of Anna Sebastian Perayil, an Ernst and Young



(EY) employee who succumbed to excessive workload in September last year, causing widespread outrage and discussion on social media over the topic of overwork in India.

Subrahmanyan however, is not alone who has made statements favouring long working hours, there are several other top executives and entrepreneurs as well. The following is a list of other such examples.

Infosys co-founder Narayana Murthy triggered a huge ongoing debate on work-life balance in 2023, when he said Indians have to put in 70-hour work weeks for India's development.

This is not just restricted to India of course. Elon Musk, the world's richest person is known for his strict work ethic, believing that to achieve success, one has to "work like hell" and "put in 80 to 100-hour weeks every week."

# Tesla unveils new model Y in China to regain market share amid competition

**Mumbai, (Agency).** Tesla launched a new version of the Model Y, its best-selling car, in China on Friday, hoping that a redesigned exterior and upgraded features inside will help it regain market share taken by rivals such as Xiaomi.

The new Model Y, the world's most popular electric vehicle, is priced from 263,500 yuan ($35,900) 5.4% more expensive than the previous version in China, Tesla's second-largest market, the U.S. automaker said on its Weibo social media account.

Deliveries in China are set to begin in March, subject to




regulatory approval. Details about Tesla's plans for the revamped version in other markets were not immediately available.

The latest Model Y sports a new light bar that stretches across the front end, similar to Tesla's Cybertruck, while the tailight is also a full-width light bar. Other upgraded features include seats that can be heated or ventilated for comfort in all weather conditions as well as a touchscreen for second-row passengers.

The long-range variant now has a driving range of 719 kilometres per charge, up from 688 km.

Tesla first launched the Model Y in 2020 and it became the world's best-selling car in 2023. The ageing model lost some sales momentum last year, hurt by competition from local rivals in China, while in other markets demand for electric vehicles has weakened.

प्रशासन की कार्रवाई

# मच्छी बाजार और खंडवा रोड पर निगम की कार्रवाई 3 दुकानें की गईं सील, 5 ट्राले भरकर सामान जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रशासन और नगर निगम द्वारा शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर बाधाएं और अतिक्रमण हटाए गए। यातायात में बाधक दुकानों के शेड, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गईं। फुटपाथ पर रखा सामान भी जब्त किया गया। इस दौरान तीन दुकानें सील की गईं।

अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा के निर्देश पर जोन-2 के राजमोहल्ला, मच्छी बाजार से दरगाह चौराहा तक पहली कार्रवाई की गई।



इस दौरान ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण सख्ती से हटाए गए। व्यापारियों द्वारा दुकानों के बाहर फुटपाथ व सड़क घेरकर सामान रखा हुआ था। निगम ने इस तरह रखा हुआ 5 ट्राले सामान जब्त किया। दुकानों के अस्थायी अतिक्रमण पर रिमूवल की कार्रवाई की गई। यातायात विभाग द्वारा सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए गए लोडिंग वाहनों के साथ रिक्शा जब्त करने की कार्रवाई की गई। जोन-13 के तहत खंडवा रोड से गणेश नगर तक ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण व टिन शेड हटाए। तीन दुकानों को सील किया गया। 11 हजार 500 रुपए का चालान जारी किया गया। एसडीएम प्रियंका चौरसिया के साथ जेडओ अंकेश बिरथरिया, विशाल राठौर और रिमूवल टीम ने यह कार्रवाई की।

# ड्रग्स पेडलर महिला गिरफ्तार साथी भी गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की खजराना पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। महिला उज्जैन से अपने पति को छोड़कर इंदौर आई थी और पिछले एक साल से खजराना इलाके में ड्रग्स बेचने का काम कर रही थी। अब पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड पर एक महिला और युवक खड़े हैं। रात में उनकी चेकिंग की गई तो महिला आयशा उर्फ आशु, पति मोहसिन खान, निवासी अशरफी नगर घबराई हुई मिली। बुर्का पहने इस महिला की तलाशी ली गई, जिसमें छिपाकर एमडी ड्रग्स रखी हुई थी। इसके बाद, युवक भूरा पुत्र सबदर शाह निवासी पत्थर मुंडला की तलाशी ली गई, और उसके पास भी एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे पेडलर का काम करते हैं। महिला आयशा राजस्थान से ड्रग्स लेकर आती थी और इंदौर में बेचती थी।

आयशा उज्जैन के बेगम बाग महाकाल टेकरा की रहने वाली है। उसने पति को छोड़ दिया था और करीब एक साल से इंदौर में रहकर नशे का कारोबार शुरू कर दिया था। वह इलाके में घूमकर ड्रग्स की पुड़िया बेचती थी।

# पार्षद विवाद मामले में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

◆ कालरा के घर पर किया था हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो नंबर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भी दोपहर में पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे है,क्योंकि अभी तक यादव की शिकायत पर गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बुधवार रात को हमले में शामिल पांच आरोपियों को पकड़ा है।**

पुलिस ने पार्षद कमलेश कालरा के घर पर हमला करने और उनकी मां और बेटे के साथ बदसलूकी करने के मामले में पांच आरोपियों को देर रात गिरफ्तार किया है। पांचो आरोपी एमआईसी सदस्य जीतू यादव के समर्थक बताए जा रहे है। पुलिस ने पार्षद कालरा की शिकायत पर 40 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। उनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोपहर में बड़ी संख्या में दो नंबर के भाजपा कार्यकर्ता और कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र के रहवासी पलासिया चौराहा पहुंचे और पूर्वी क्षेत्र के पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है,लेकिन समान रुप से एक्शन नहीं लिया जा रहा है।पुलिस ने बुधवार रात को हमले में शामिल पांच आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में ललित गोगड़े, कृष्णा पिता जितेंद्र शर्मा, अरुण यादव, विनय पिता जयप्रकाश और नवीन पिता सुरेशचंद्र आर्य को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। उनमें से कुछ यादव के क्षेत्र में लगे होर्डिंगों में भी नजर आए थे। पुलिस ने वीडियो में पिंटू शिंदे, धन्ना राय, बंटी ठाकुर, नवीन शर्मा और अक्षय दुबे की पहचान की है। भाजपा संगठन भी इस मामले में गुरुवार को एक्शन ले सकता है। कालरा और यादव को शोकाज नोटिस संगठन ने दिया था। दोनो पार्षदों ने जवाब दे दिया है। आपको बता दे कि पार्षद कालरा के घर पर 30-40 लोगों ने हमला किया था। इस दौरान उनके बेटे के कपड़े उतार दिए थे। घर के बाहर लगी पार्षद की नेमप्लेट भी तोड़ दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

# शादीशुदा महिला से की छेड़छाड़

**इंदौर।** बाणगंगा में एक आरोपी ने अपनी पड़ोसी, जो शादीशुदा महिला है, से छेड़छाड़ की। महिला ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसके पति एक निजी कंपनी में काम करते हैं और उनके तीन बच्चे हैं। एक दिन उसकी छोटी बेटी घर के हॉल में झाड़ू लगा रही थी, तभी पड़ोसी रभ्भू यादव उसके घर में घुस आया। आरोपी ने महिला का हाथ पकड़कर कहा कि वह काफी समय से उससे बात करना चाहता था, और अब उसे मौका मिल गया है। महिला ने उसे धक्का मारा, लेकिन आरोपी ने उसकी साड़ी पकड़ ली।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक